# आइटी सिटी में इन्वेस्ट यूपी के निवेशकों को जमीन देगा एलडीए

**सुलतानपुर रोड पर जमीन जुटाने का काम शुरू, मोहनलालगंज तहसील के करीब आठ गावों में चिह्नित की गई भूमि**

जागरण संवाददाता • लखनऊ : आइटी सिटी योजना में विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाओं के साथ-साथ एलडीए रोजगार के बड़े अवसर भी सृजित करेगा। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से निवेश का प्रस्ताव देने वाले आइटी, एआइ व साफ्टवेयर क्षेत्र के निवेशकों को योजना में जमीन दी जाएगी। एलडीए ने अपनी इस आवासीय योजना के लिए जमीन जुटाने का काम शुरू कर दिया है। शनिवार को स्थल पर बोर्ड लगाकर साइट आफिस का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया।

सुलतानपुर रोड और किसान पथ के बीच लगभग 1696 एकड़ क्षेत्रफल में आइटी सिटी विकसित की जाएगी। मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 1250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 4,000 आवासीय भूखंड सृजित किए जाएंगे, जिसमें से सर्वाधिक 1800 भूखंड 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे। आइटी सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो।

इसके लिए योजना में लगभग 350 एकड़ का इंडस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधि के लिए लगभग 60 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। योजना में ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनाई जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बाडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी। योजना में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन के लिए बड़े भूखंड नियोजित किए जाएंगे।

एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए जमीन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत चार गांव के 23 भू-स्वामियों ने अपनी लगभग 265 बीघा भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से निश्शुल्क देने के आवेदन दिए हैं।

मोहारी खुर्द गांव में जमीन का कब्जा लेने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को प्राधिकरण के अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने मोहारी खुर्द गांव में लगभग 46 बीघा भूमि का कब्जा लिया। इस दौरान स्थल पर बोर्ड लगाकर साइट आफिस के निर्माण का काम भी शुरू करा दिया गया है। जल्द ही अन्य जगहों की एग्रीमेंट डीड साइन की जाएगी।